सिंघासन पर त्रिभुअन साईं देखि सुरन्ह दुंदुभीं बजाईं ।।
तारन तरन हरन सब दूषन तुलसिदास प्रभु त्रिभुवन भूषन ।।
|| मानस पितामह || Ram Katha 945- Kakidi ,Gujrat || ❊मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 103 | इंदौर, शनिवार 26 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. महाराष्ट्र: बाबा सिद्दीकी की सीट से चुनाव लड़ेगा लॉरेंस? ये पार्टी कर रही लड़ाने की तैयारी, मांगा नामांकन पत्र

2. Israel Iran Tension: ईरान का दावा- इस्राइली हमला नाकाम किया, अमेरिका ने तेहरान को दी चेतावनी

3. Israel: इस्राइल ने सीरिया के सैन्य ठिकानों पर भी किया हवाई हमला, ईरान ने दी बदले की धमकी

4. Jharkhand: झारखंड के इतिहास के सभी मुख्यमंत्री या उनके रिश्तेदार लड़ रहे चुनाव

5. DJ Clark Kent Death: डीजे क्लार्क केंट का 58 वर्ष की आयु में निधन, कैंसर से जूझ रहे थे म्यूजिक निर्माता

# बाइक सवारों पर पलटा ट्रक पिता-पुत्र समेत 4 की मौत

## प्रत्यक्षदर्शी बोले- ट्रक ओवरटेक कर आगे बढ़ा, गाय को टक्कर मारकर पलट गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**संेधवा।** बड़वानी में ट्रक ने गाय को टक्कर मारी, फिर बाइक सवार और राहगीरों पर पलट गया। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में पिता-पुत्र, भतीजा और पड़ोसी शामिल हैं। ट्रक चालक और उसका साथी फरार हो गए।

हादसा सेंधवा के पुराने एबी रोड पर हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने शुक्रवार रात करीब 1 बजे हुआ। ट्रक के नीचे दबे लोगों को क्रेन की मदद से निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शी शाकिब शेख ने बताया, हम सेंधवा के नए बस स्टैंड से घर की ओर लौट रहे थे। अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ओवरटेक कर आगे निकला। सरकारी स्कूल के सामने पहुंचते ही पहले गाय को टक्कर मारी। फिर पलट गया।



### रोड किनारे खड़े थे चारों

सभी मृतक नागलवाड़ी के सालीकला के रहने वाले थे। रिंगनिया मेहता और उसका बेटा बाइक पर थे। उनके साथ रोड किनारे रिंगनिया का भतीजा बबलू और पड़ोसी श्यामलाल खड़े थे। तभी हादसा हो गया। चारों सेंधवा में एक निजी जिनिंग में मजदूरी करते थे। देर रात काम खत्म करने के बाद शहर से 10 किमी दूर अपने गांव सालिकला लौट रहे थे।

### हादसे में इनकी हुई मौत

1. रिंगनिया (40) पिता जाड़ियां मेहता 2. जितेंद्र (18) पिता रिंगनिया मेहता 3. बबलू (17) पिता पूनिया मेहता 4. श्यामलाल (35) पिता नंगा बडवा मेहता।

### मिर्ची लेकर पंजाब जा रहा था ट्रक

जानकारी के अनुसार, ट्रक महाराष्ट्र के शाहदा से मिर्ची भरकर पंजाब के लुधियाना जा रहा था। शहर थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा है। पुलिस ट्रक चालक और उसके साथी की तलाश में जुटी है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा 33 लोग घायल, 8 महिलाएं गंभीर

**दमोह।** दमोह के मड़ियादो थाना क्षेत्र के सादपुर गांव के पास शुक्रवार रात करीब 8 बजे 37 लोगों से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में कुल 33 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 8 महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना की सूचना पाकर सिंगपुर के सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र कटारे अपने निजी वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पसागर के बड़ा के पास अबदापुर से सभी लोग मड़ियादो के पास मदनपुर गांव में एक तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। सादपुर गांव के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्राली पलट गई। हादसे में 27 महिलाएं, चार पुरुष और तीन छोटे बच्चे घायल हुए। कुल 33 घायल लोगों में से 8 महिलाओं की हालत गंभीर है, जिन्हें तुरंत बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## तेंदुए ने एक दिन में 7 जगह अटैक किए; 9 लोग घायल

# ASI की गर्दन दबोची, महिला को घर में घुसकर नोंचा

शहडोल। शहडोल में जिस तेंदुए ने 20 अक्टूबर को ASI की गर्दन दबोची और महिला का सिर नोंचा। किसी के घर में घुसकर हमला किया, तो किसी को खेत में शौच के लिए जाते वक्त दबोच लिया। तेंदुए ने एक ही दिन में छह जगह अटैक किए। इससे एक दिन पहले भी तेंदुए ने युवक पर हमला किया था। यानी 20 किलोमीटर के एरिया में दो दिन में सात जगह अटैक किए। इसमें 9 लोग घायल हो गए। बड़ी बात ये भी है कि घटना के 5 दिन बाद भी वन विभाग को तेंदुए की लोकेशन नहीं मिली है। ऐसे में रेस्क्यू भी मुश्किल हो रहा है। इधर, गांव वाले दहशत में हैं। शाम होते ही घरों में घुस जाते हैं। कुछ जगह तो लोग इकट्ठा होकर लाठी-डंडा लेकर रतजगा कर रहे हैं।



**मैंने चिल्लाया, उसने हमला कर दिया-** गोहपहारू रेंज के गुर्रा गांव के पुरनिहा टोला में रहने वाली जानकी बैगा (48) 19 अक्टूबर की शाम 4 बजे खेत पर थीं। वह फसल और मवेशी की रखवाली कर रही थीं। जानकी बैगा ने बताया, 'मैं खेत में चारों तरफ घूम रही थी, तभी मेरे बगल से तेजी से तेंदुआ निकल गया। मैं उसे देख नहीं पाई। डर के मारे एकाएक मेरी चीख निकल गई। यह सुनकर तेंदुआ पलटा। उसने गुर्राते हुए अचानक मुझ पर हमला कर दिया। सिर और हाथ पर पंजा मार दिया। चीख सुनकर लोग वहां पहुंचे, तब तक तेंदुआ भाग गया।'

### अहिल्या पथ योजना रद्द करने की मांग को लेकर किसानों का आईडीए परिसर में जोरदार प्रदर्शन

# किसान बोले जमीन के लिए जान दे देंगे

- संयुक्त किसान मोर्चा और अहिल्या पथ संघर्ष समिति के आव्हान पर किसानों का बड़ा आंदोलन
- 2 घंटे तक किया घेराव, योजना रद्द नहीं हुई तो करेंगे उग्र आंदोलन,दी चेतावनी

**योजना के लिए आईडीए साढ़े ग्यारह सौ हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करने वाला है**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अहिल्या पथ योजना के पीड़ित किसानों व पीड़ित मजदूरों ने आज इंदौर विकास प्राधिकरण कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा दो घंटे तक घेराव किया इंदौर विकास प्राधिकरण के घेराव में बड़ी संख्या में पीड़ित किसान पहुंचे थे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने आईडीए को चेतावनी दी है की वे जमीन के लिए अपनी जान दे देंगे ,लेकिन जमीन नहीं देंगे। किसानों ने बताया की आईडीए योजना के लिए साढ़े ग्यारह सौ हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करने वाला है। प्रदर्शन का नेतृत्व रामस्वरूप मंत्री बबलू जाधव ,शैलेंद्र पटेल, हंसराज मंडलोई, संतोष सुनैर , रायसिंह चावड़ा आदि ने किया।

### जमकर नारेबाजी की किसानों ने

प्राधिकरण के घेराव में हुई सभा को कई वक्ताओं ने संबोधित किया उनका कहना था कि अहिल्या पथ योजना में प्राधिकरण साढ़े ग्यारह सौ हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करने वाला है, जो की खेती और किसानों को बबार्दी की ओर ले जाएगा । इस योजना में कई गरीबों के आशियाने रहने के घर तोड़े जाएंगे जो सरासर गरीबों के साथ अन्याय होगा इसलिए इस योजना को तत्काल रद्द किया जाए । प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की । अहिल्या पथ योजना रद्द करो के नारे के साथ किसानों ने जान दे देंगे जमीन नहीं देंगे के नारे भी लगाते रहें।

### कई सवाल उठाए पर आईडीए ने जवाब नहीं दिया

संयुक्त किसान मोर्चा और अहिल्या पथ संघर्ष समिति के आव्हान पर किसान शुक्रवार सुबह प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे थे। करीब २ घंटे तक प्राधिकरण कार्यालय के मुख्य द्वार पर किसानों ने धरना दिया और प्राधिकरण कार्यालय का रास्ता बंद कर दिया प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी प्रदर्शनकारी किसानों ने प्रदर्शन के दौरान ही मौजूद आइडिए के भू अर्जनअधिकारी सुदीप मीणा से सवाल जवाब किए किसानों ने योजना से संबंधित प्राधिकरण की पुरानी योजनाओं को पूरा नहीं किए जाने को लेकर कई सवाल उठाए जिनका प्राधिकरण अधिकारी जवाब नहीं दे पाए ।

### किसान एकजुट होकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे

किसानों ने इस प्रदर्शन के माध्यम से आयडीए को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि प्राधिकरण ने जोर जबरदस्ती से योजना लागू करने की कोशिश की तो किसान एकजुट होकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे और यदि इसमें किसी भी तरह की नुकसानी होती है, जान माल की हानि होती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी इंदौर विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन की होगी।

### प्रदर्शन में ये किसान मौजूद थे

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से गोकुल पटेल, हेम सिंह सिसोदिया रामप्रसाद पटेल,विनोद सिसोदिया ,अमर बागवान , मुकेश सिसोदिया राजेंद्र यादव , सुनीलसुनेर ,बलरामचावडा ,राजेंद्र सिंह चौहान , जसवंत सिसोदिया ,श्री राम राठौर ,जितेंद्र चावड़ा, महेश सिसोदिया मनोज सुनेर, दिलीप सिंह पंवार , लाखन पटेल, विजय सिंह , महेंद्र सिंह चावड़ा , मुकेश गेहलोद, सोनु सिसोदिया आशीष मोरी राहुल सिसोदिया आनंद पटेल अमित सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में किसान शरीक थे ।

## टीकाकरण पोलियो की रोकथाम की आधारशिला : डॉ. जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



इंदौर। इस विश्व पोलियो दिवस पर, पोलियोमाइलाइटिस से उत्पन्न लगातार खतरे को पहचानना आवश्यक है, विशेष रूप से भारत के मेघालय में हाल ही में देखी गई पोलियो घटना के मद्देनजर। पोलियो, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो मल-मौखिक संचरण के माध्यम से फैलती है और मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है, जिससे अपरिवर्तनीय पक्षाघात होता है और कुछ मामलों में मृत्यु हो जाती है। डॉ. धीरेंद्र जैन, निदेशक, डॉल्फिन महिला एवं बाल अस्पताल, इंदौर, मध्य प्रदेश जोर देते हैं, टीकाकरण पोलियो की रोकथाम की आधारशिला है। बच्चों की सुरक्षा और सामूहिक प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिए ६ सप्ताह की उम्र से दी जाने वाली इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) आवश्यक है।

## स्कूली बच्चों ने सजाए दीपावली के दीपक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मीनाक्षी सेवा समिति और लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल के बच्चों को दिवाली के दीपकों को सुंदर बनाने के लिए सजावट करना सिखाया। दीपावली के पावन पर्व के पहले इंदौर की सामाजिक सेवा संस्थाओं ने मातृ शक्तियों, बच्चों को दीपावली के दीपों को सजाने की वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मीनाक्षी सेवा समिति ने भी इस अभियान को और जोर शोर के साथ आगे बढ़ाया है। तिलक नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में ९ से १८ साल की उम्र के स्टूडेंट्स को दियों को सजाने संवारने की एक वर्कशॉप आयोजित की गई। यह वर्कशॉप मीनाक्षी सेवा समिति और लायंस ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। ५० से भी ज्यादा बच्चों ने डिजाइनों को अपने हाथों से दियों पर उकेरा और विभिन्न प्रकार के रंगों से दियों को अनेक प्रकार के रंगों से सजाया। मीनाक्षी सेवा समिति के अध्यक्ष बलराम सोनी ने बताया कि हमारी संस्था प्रति वर्ष ऐसी कार्यशालाएं आयोजित करती रहती है।

## सजीव माडल एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वार्षिकोत्सव के तहत विज्ञान, पर्यावरण, गणित और सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों पर सजीव माडल एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन सीएम राइज स्कूल अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्रमांक-२ में किया गया। इसमें छात्राओं ने ज्ञानवर्धक विषयों जिनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जलचक्र, ज्वालामुखी और सेफ वाटर सहित अलग-अलग प्रकार के गणितीय कोण बनाकर प्रस्तुत किए। प्राचार्य दीपक हलवे के अनुसार विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में कुमारी सोनल वर्मा को प्रथम स्थान, अंजलि सिलावट के द्वितीय और अनुष्का साहू के माडल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी संयोजक अशोक घुलघोये और मार्गदर्शन मंडल में नेहा पांडे, मीणा राठौर, रश्मि यादव और विनीता काबरा रहीं।

# मंदसौर गोलीकांड: किसके आदेश से चली किसानों पर गोलियां

### फाइलों में दफन रहेगा रहस्य, हाई कोर्ट ने याचिका की खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मंदसौर गोलीकांड को लेकर लगाई गई जनहित याचिका पर हाई कोर्ट ने ऑर्डर जारी कर दिया है। पिछले दिनों सुनवाई के बाद कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया था, याचिका को निरस्त कर दिया है। याचिका के माध्यम से ये मांग की गई थी कि गोलीकांड की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर रखने की मांग की गई थी। याचिका निरस्त होने से ये सवाल अब रहस्य ही रह जाएगा कि आखिर किसके आदेश पर मंदसौर में प्रदर्शन करने वाले किसानों पर गोली चलाई गई थी।

### नहीं जान सकेंगे किसके आदेश से हुआ गोलीकांड

दरअसल ६ जून २०१७ को मंदसौर में प्रदर्शन कर रहे किसानों पर गोली चली थी, जिसमें ५ किसानों की जान चली गई थी। गोली किसके आदेश पर चली ये पता करने के लिए इंदौर हाईकोर्ट में जनहित याचिका रतलाम से पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने लगाई थी। मामले की जांच के लिए रिटायर्ट जज की अध्यक्षता में आयोग गठित किया था, आयोग ने रिपोर्ट १३ जून २०१८ को शासन को सौंपी। इसी को सार्वजनिक करने की मांग जनहित याचिका में की गई थी। जिससे पता चल सके कि गोलीकांड किसकी लापरवाही से हुआ, कोर्ट ने ९ पेज का फैसला दिया है। अदालत ने इस बात को सही ठहराया कि संबंधित कानून में इसका कोई उल्लेख नहीं है कि आयोग की जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपे जाने के छह महीने के भीतर संसद या राज्य के किसी विधान मंडल में पेश नहीं की जाती है, तो इसके क्या परिणाम होंगे।

## बगैर दस्तावेज संचालित दो वाहन जब्त, ओवर लोडिंग करने वाले 10 बसों पर भी कार्रवाई

**सवा लाख का जुर्माना वसूला**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर आरटीओ इंदौर द्वारा स्कूली वाहनों, लोक परिवहन वाहनों की विशेष चेकिंग की जा रही है, जिसमें वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेजों की चेकिंग की जा रही है। यात्रियों से चालक परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसी दौरान एक बस जो की पांढुर्णा से पीथमपुर बिना परमिट और बिना फिटनेस के संचालित हो रही थी, जिसको जब्त किया गया। वाहन संचालक से एक लाख २५ हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही यात्रियों से अधिक किराया लेने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने और ओवर लोडिंग करने वाली १० बसों पर भी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान एक स्कूल वैन को भी दस्तावेज नहीं होने पर जब्त किया गया।

## पुरस्कार समारोह 10 को

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खंडवा रोड के मैनेजमेंट हाल पर आगामी 10 नवंबर को सुबह 11 बजे से सिंधु सहकारी समिति छात्रवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। समिति अध्यक्ष प्रकाश लालवानी और समन्वयक सुनील वाधवानी के अनुसार संस्था सदस्यों के होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उनका सम्मान करती है इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन की अभिनव पहल

**दिव्यांगजनों से सशक्त दिव्यांग रोजगार पोर्टल पर पंजीयन करने की अपील**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अभिनव पहल करते हुए एक विशेष पोर्टल तैयार किया गया है। यह पोर्टल नौकरी पाने के इच्छुक दिव्यांगजनों और नियोक्ताओं के बीच सेतु का काम करेगा। दिव्यांगजन इसमें अपना पंजीयन कर रोजगार पा सकते हैं। इस पोर्टल के संबंध में आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, सामाजिक न्याय विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती सुचिता बेक तिर्की, महाप्रबंधक उद्योग श्री एस.एस. मंडलोई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और विभिन्न औद्योगिक संगठनों, होटल्स तथा हास्पिटल एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि यह पोर्टल दिव्यांगजनों और नियोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए बनाया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से जहां एक ओर दिव्यांगों को अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी मिलने में आसानी होगी, वहीं दूसरी और नियोक्ताओं को भी अपनी इकाई की जरूरत के मान से मानव संसाधन प्राप्त होंगे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि इस पोर्टल को और अधिक कारगर बनाया जाए। साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करें। अधिक से अधिक दिव्यांगजनों और नियोक्ताओं का पंजीयन कराया जाए। इस पोर्टल के माध्यम से दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है। सशक्त दिव्यांग रोजगार पोर्टल पर औद्योगिक इकाईयां, अन्य कंपनियां, हॉस्पिटल, होटल्स आदि उनके यहां रिक्त पदों की या आवश्यकता की जानकारी इस पोर्टल में अपलोड कर रहे हैं। दिव्यांगजनों से अपील की गई है कि वे पोर्टल पर जाकर अपना पंजीयन कराएं।

# नशे में चाकूबाजी करने वाला गिरफ्तार

## चाकू से वार कर युवक को किया था घायल, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शराब के नशे में चाकूबाजी कर हत्या के प्रयास की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शराब के नशे में फरियादी से विवाद किया और चाकू से कई वार किए।**

कनाडिया थाना पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर को फरियादी अजय उर्फ शिवा पिता धनसिंह राठौर निवासी ग्राम निपानिया ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसने बताया था कि रात 11.20 बजे पिपलियाहाना हाट बाजार से होते हुए कनाडिया वाइन शॉप के पास शराब लेने के लिए रुका। भीड़ से आए दो लोगों ने उससे विवाद किया और गाली देने लगे। उस पर चाकू से कई वार किए। मामले में आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया था। मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक वास्केल निवासी आईडीए मल्टी को गिरफ्तार किया। उसके पास से धारदार चाकू भी जब्त किया है।

### जानलेवा हमले का आरोपी भी गिरफ्त में

पुलिस ने चाकूबाजी कर हत्या के प्रयास के आरोपी को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। लिफ्ट का गेट खुला रहने की बात पर दो पक्षों में विवाद हुआ था। आरोपी ने फरियादी पर चाकू से हमला कर दिया था। कनाडिया थाना पुलिस के अनुसार 25 अक्टूबर को फरियादी प्रीतेश अग्निहोत्री निवासी युक्ती नारायणी बिल्डिंग श्रीजी बिचौली मर्दाना ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। फरियादी ने बताया था कि रात 11 बजे बिल्डिंग में लिफ्ट से अपना सामान लाने ले जाने की बात को लेकर बिल्डिंग में अपने मामा के यहां मेहमान आए देव उर्फ आर्यन गौरखेडे निवासी गौरी नगर ने विवाद किया। सामान लाने ले जाने के दौरान लिफ्ट का गेट खुला रह गया, जिससे लिफ्ट नीचे नहीं जा रही थी। इसे लेकर आरोपी ने गाली-गलौच की। जान से मारने की नीयत से चाकू से कई वार कर मौके से भाग गया। मामले में पुलिस ने धारा 109,294,351(2) धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में थाना प्रभारी कनाडिया योगेन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। घटना के 12 घंटे के अंदर आरोपी देव उर्फ आर्यन गौरखेडे उम्र 20 साल को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने चाकू भी जब्त किया है। मामले में पुलिस ने ज्ञानेश्वरी गोरखेड़े की शिकायत पर आरोपी प्रीतेश के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

## गैस एजेंसी पर छानबीन

# क्षमता से 4 हजार किलो ज्यादा निकला गैस का स्टॉक, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खाद्य विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडर्स की कालाबाजारी करने और गोदाम में तय लिमिट से अधिक गैस सिलेंडर्स का स्टॉक रखने के मामले में कार्रवाई की है।**

यह कार्रवाई शुक्रवार को तिल्लौर खुर्द स्थित तिल्लौर इंडेन गैस एजेंसी के खिलाफ की गई। यहां टीम ने जांच की तो स्टॉक में 311 भरे गैस सिलेंडर और 365 नग खाली गैस सिलेंडर मिले। छानबीन में पता चला कि एजेंसी के लिए जारी विस्फोट लाइसेंस की स्टॉक क्षमता 6000 किलो है, जबकि गोदाम में रखे भरे गैस की क्षमता 9822 किलो पाई गई। यह वास्तविक स्टॉक क्षमता से 3822 किलोग्राम (63.7प्रतिशत) ज्यादा थी।

प्रोपरायटर राकेश पाटीदार (भंडारी) द्वारा स्टॉक अंतर का संतोषजनक जवाब नहीं देने पर तत्काल केस दर्ज किया गया। मौके पर मिले अधिक गैस सिलेंडर्स को जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस संबंध में सेल्स ऑफिसर आईओसीएल कंपनी की भी विस्फोटक मानकों के उल्लंघन में गंभीर लापरवाही पाई गई।

# ट्रक चोर को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर के थाना सेक्टर एक पुलिस ने सिर्फ 24 घंटे के भीतर ट्रक चोरी करने वाले अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना प्रभारी ओमप्रकाश अहीर ने बताया कि गुरुवार को अज्ञात आरोपी ने सीसी पावर चौराहा से ट्रक क्र.रू॥ 18 क्यत्र 1844 चोरी कर लिया था।

फरियादी मो. अय्युब खान ने थाने पहुंच कर बताया कि उसका ट्रक अज्ञात चोर चुरा ले गया है। रिपोर्ट पर केस दर्ज कर थाना प्रभारी ओम प्रकाश अहिर ने खोज के लिए टीम रवाना की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सहायता से चोरी गए ट्रक को आरोपी सईद पिता युसुफ खान उम्र 40 साल निवासी चंदन नगर जिला इंदौर के कब्जे से हाईवे पर जब्त किया गया। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

चोरी गए ट्रक को बरामद करने और आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक ओपी अहिर, बाल कृष्ण मिश्रा, संदीप चौरसिया, सूरज तिवारी, महेश यादव, मनीष चौहान, शेलेन्द्र भदोरिया, राहुल हिरवे, राहुल गोडाले, सतपाल सिंह खालसा, राहुल दामके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।।

# किराए की बात पर हत्या करने वाले को उम्रकैद

## आरोपी ने मकान मालिक पर चाकू से 8 वार किए, अस्पताल में तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। किराए की बात को लेकर मकान मालिक पर चाकू से वार कर उसकी हत्या करने वाले हत्यारे को जिला कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वारदात 28 दिसंबर 2021 की दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई थी।**

साउथ हाथीपाला क्षेत्र में रहने वाले महेश पाल गुप्ता अपनी दुकान पर बैठे थे। उनका किराएदार अफसान खान और उसका पिता शेरू खान दोनों निवासी दौलतगंज वहां पहुंचे



और किराए के लेन-देन को लेकर विवाद करने लगे।

विवाद के दौरान अफसान ने जेब से चाकू निकाला और महेश पर वार करने लगा। उसने 7-8 वार किए। इस बीच आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गया। परिजनों ने घायल महेश को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

अतिरिक्त लोक अभियोजक उमेश यादव ने बताया कि शुक्रवार को सत्र न्यायाधीश अरूण श्रीवास्तव ने हत्यारे अफसान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने मृतक के पुत्र सुमित को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रतिकर राशि दिलवाए जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अनुशंसा भी की है।

## कटाक्ष




c www.detectivegroupreport.com

# फ्रूट व्यापारी से घर में घुसकर मारपीट

## लेन देन को लेकर आरोपियों से था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी में फ्रूट व्यापारी के घर पर 2 युवकों ने हमला कर दिया। गुरुवार रात दोनों कार से पहुंचे और मारपीट करने लगे। विवाद होता देख भीड़ जमा हुई तो वे कार छोड़कर भाग निकले। विवाद में आरोपियों की सोने की चेन भी गिर गई थी। जिसे पुलिस के सुपुर्द किया गया है।**

फ्रूट व्यापारी दीपक कटारिया ने पुलिस को बताया कि शनिगली निवासी संदीप कड़वे और उसका भांजा शुभम घर आकर मारपीट करने लगे। संदीप के हाथ में चाकू था। जिसे उसने मेरे सिर पर मार दिया। मेरी मां और पत्नी बचाने दौड़े तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और दोनों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन दोनों कार छोड़कर फरार हो गए। दीपक ने बताया कि संदीप का सट्टे का काम है। मैं दो साल पहले 5 लाख रुपए हार गया था। रुपए के बदले मैंने संदीप को एक एक्टिवा, एक बुलेट और एक मोबाइल दे दिया था। इसकी किस्त मैं ही भर रहा था। लेकिन, पिछले 2-& माह से वह किस्त नहीं भर पा रहा था। गाड़ी सीज करने वाले संदीप के घर के चक्कर लगा रहे थे। उसने मुझे मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके चलते मैंने मोबाइल बंद कर लिया। संदीप को जानकारी लगी कि मैं रात में घर पर हूं तो वह कार से अपहरण करने पहुंचा था। लेकिन, यहां लोगों की भीड़ के चलते वह भाग गया।

# बिजासन मंदिर से महिला का मंगलसूत्र चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बिजासन माता मंदिर दर्शन करने गई एक महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी हो गया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एरोड्रम थाना पुलिस ने फरियादी माधुरी टेकम (52), निवासी स्कीम नंबर 51, संगम नगर की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वो बिजासन माता मंदिर से दर्शन करके वापस नीचे आई तो उसके गले में पहना सोने का मंगलसूत्र गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। कोई अज्ञात व्यक्ति मंदिर में दर्शन के दौरान चुरा कर ले गया।

# फार्म हाउस के नाम पर ठगी,केस दर्ज

**इंदौर।** सिमरोल पुलिस ने ठगी का केस दर्ज किया है। आरोपियों ने फार्म हाउस बनाकर देने का सौदा किया और रूपए भी ले लिए लेकिन इसके बाद भी जमीन पर कोई विकास कार्य नहीं किया गया। बाद में पता चला कि फरियादी से लिए गए रूपए किसी दूसरे प्रोजेक्ट में लगा दिए हैं। पलिस को राजेश गावडे ने आवेदन दिया था इसके आधार पर पुलिस ने संतोष चौहान निवासी मूसाखेड़ी सांई बाबा बिल्डर्स एवं डेवलपर्स, कुसुमबाई के खिलाफ केस दर्ज किया है। डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि आरोपियों ने सिमरोल में फार्म हाउस बनाकर देने की बात कही। इसपर फरियादी ने संपर्क किया तो आरोपियं ने 50 लाख में सौदा किया इसके बाद में उनसे अनुबंध भी कर लिया। इसके बाद में बरसात से पहले ये फार्म हाउस देने का वादा किया गया। जब वह मई में उस जमीन पर पहुंचे तो पता चला कि वहां पर तो कोई विकास कार्य हुआ ही नहीं है।

# टैंकर ड्राइवर पर केस दर्ज

**इंदौर।** लसूड़िया पुलिस ने टैंकर के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। राहुल चौहान पिता हुकुमचंद(28) निवासी कैलोद हाला की शिकायत पर छत्र सिंह निवासी शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश , बलजिंदर सिंह निवासी लखीमपुर खीरी उत्तरप्रदेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी अपने टैंकर से कोई जहरीला केमिकल नाले में खाली कर रहे थे जिससे बहुत तेज धुंआ उठ रहा था। दोनों ही टैंकर के चालक अपने टैंकर से लोगों के स्वास्थ्य को हान पहुंचाने वाला केमिकल को आवासीय क्षेत्र में खाली कर रहे थे। जिससे आसपास के इलाकों में धुंआ सा फैलगया। इससे लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता था।

# एम्स में 3 करोड़ से बनेगा हरित परिसर, CSR ग्रीन कैंपस बनाने के लिए देगा फंड, सौर ऊर्जा का होगा उत्पादन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। राजधानी भोपाल स्थित एम्स कैंपस को हरा भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाने तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। एम्स के प्रयासों के कारण एसबीआई कार्ड ने सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) ने संस्थान को ग्रीन कैंपस बनाने के लिए 3 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की है, जिससे संस्थान में सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। जानकारी के लिए बतादें कि वर्तमान में एम्स भोपाल 700 किलोवाट सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है, जो संस्थान की कुल ऊर्जा आवश्यकता का 15 प्रतिशत है। एम्स के अधिकारियों का कहना है कि 100% सौर ऊर्जा उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है।



**सौर ऊर्जा स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा का सबसे अच्छा स्रोत-** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ.अजय सिंह ने बताया कि सौर ऊर्जा स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा का सबसे अच्छा स्रोत है। ग्रीन कैंपस पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा बल्कि हमारी ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में भी सहायक होगा। ग्रीन कैंपस बनने से हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। यह परियोजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है और हमें गर्व है कि हम पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं।

### ग्रीन कैंपस से जाने क्या होगा फायदा

विशेषज्ञों का कहना है कि एम्स में ग्रीन कैंपस की पहल सौर ऊर्जा के उपयोग से स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधान प्रदान करेगा। इससे संस्थान न केवल ऊर्जा आवश्यकता की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा, बल्कि यह पर्यावरणीय संतुलन को भी बनाए रखने में सहायक होगा। सौर ऊर्जा उत्पादन से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, जिससे जलवायु परिवर्तन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और एक स्थायी भविष्य की ओर बढ़ा जा सकेगा। एम्स भोपाल की यह ग्रीन कैंपस पहल न केवल ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में एक आदर्श प्रस्तुत करती है, बल्कि अन्य संस्थानों और समाज के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत है। स्वच्छ, हरित और सतत विकास की दिशा में यह प्रयास पर्यावरण और समाज को दीर्घकालिक लाभ प्रदान करेगा।

## खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, एक क्विंटल 83 किलो मिल्क केक और लच्छा बर्फी की गई जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह**। दमोह जिले में दीपावली के त्योहार पर अमानक मिठाइयों का विक्रय न हो पाए, इसलिए खाद्य विभाग के द्वारा दमोह और हटा में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने शहर एवं हटा नगर स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों एवं खोवा भंडार का निरीक्षण किया। इसमें एक क्विंटल 83 किलो मिल्क केक एवं लच्छा बर्फी को जब्त किया गया। इस कार्रवाई के बाद मिठाई का विक्रय करने वाले दुकानदार सकते में हैं। दमोह में घंटाघर स्थित श्री हनुमान गढ़ी स्वीट्स का निरीक्षण करके मिल्क केक का नमूना जांच के लिए लिया गया। हटा नगर में मंदिर मस्जिद चौराहा स्थित श्री जय बजरंग होटल से मिल्क केक एवं लच्छा बर्फी के नमूने जांच हेतु लिए गए। जांच के दौरान परिसर में संग्रहित एक क्विंटल 83 बाजार मूल्य 51 हजार 240 रुपए का मिल्क केक एवं लच्छा बर्फी को जब्त किया गया।

## सोशल मीडिया पर नाम के आगे हिंदू लिख लाओ क्रांति : धीरेंद्र शास्त्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर**। मध्य प्रदेश के छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अक्सर सुर्खियों में रहते हैं. एक बार फिर उन्होंने एक अपील की जो चर्चाओं में है, उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स ट्विटर,फेसबुक,इंस्टाग्राम सहित सभी अकाउंट पर अपने-अपने नाम के आगे हिंदू लिखना शुरू करें, इससे एक क्रांति खड़ी होगी.

बागेश्वर धाम में पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आयोजन किया गया था, जो 18 अक्टूबर से लेकर 24 अक्टूबर तक चला था, कथा के दौरान शास्त्री ने श्रद्धालुओं से अपील की और कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स ट्विटर,फेसबुक,इंस्टाग्राम सहित सभी अकाउंट पर अपने-अपने नाम के आगे हिंदू लिखना शुरू करें, इस दौरान उन्होंने कथा सुनने के लिए आए हुई सामने बैठे सभी श्रद्धालु भक्तगणों से



अपने-अपने मोबाइल निकालने को कहा और कहा कि यह वीडियो आप सभी अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कीजिए जातपात को मिटाने के लिए अपनी जाति नाम के आगे हिंदू लगाना प्रारंभ कर दें. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा की जैसे हिंदू अंकित, हिंदू सत्यम, हिंदू मनीष, हिंदू धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लगाना प्रारंभ कर दें और सभी लोग अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने नाम के हिंदू लगाए इससे एक क्रांति खड़ी होगी.

## पति के साथ पिकनिक गई महिला से गैंगरेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा**। रीवा में पति के साथ पिकनिक पर गई महिला के साथ 4-5 लोगों ने गैंगरेप किया। आरोपियों ने पहले शराब पी, लिट्टी चोखा खाया और इसके वीडियो शूट किए। फिर पिकनिक पर गए दंपती पर टूट पड़े। पति को पेड़ से बांधकर मारपीट की। महिला से गैंगरेप किया और इसका वीडियो भी बनाया। सोमवार की इस घटना की एफआईआर कराने दंपती थाने के चक्कर काटते रहे। पुलिस ने मंगलवार को शिकायत दर्ज की।

दंपती ने पुलिस को बताया कि वे दोनों कॉलेज में साथ पढ़ते थे। उनकी कुछ दिन पहले ही शादी हुई है। 21 अक्टूबर को पिकनिक के लिए भैरव बाबा क्षेत्र में गए थे। यहां 5 लोगों ने उन्हें घेर लिया। सभी नशे में थे। वारदात के बाद आरोपियों दंपती को धमकाते हुए कहा पुलिस के पास गए तो वीडियो वायरल कर देंगे। मामले में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सोमवार को वारदात के बाद पीड़ित दंपती थाने के चक्कर लगाते रहे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस का फोकस बुधवार को रीवा में होने वाले रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव पर था, इसलिए मामले को दबाए रखा। अब 3 दिन बाद मामला सामने आया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा, गृह विभाग कोलैप्स हो गया है। सीएम जंगलराज विभाग बनाएं। रीवा एसपी विवेक सिंह ने बताया कि घटना 21 अक्टूबर की दोपहर की है। पीड़िता 22 अक्टूबर की दोपहर थाने पहुंची। पुलिस ने तत्काल केस दर्ज कर लिया।

## भाजपा के स्टार प्रचारकों में सुरेश पचौरी को जगह नहीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। बुधनी और विजयपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए बीजेपी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। 40 स्टार प्रचारकों में सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ विजयपुर के पूर्व बीजेपी विधायक और सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी को स्टार प्रचारक बनाया गया है। इधर, कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में राजस्थान के नेताओं को जगह मिली है। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी को बुधनी-विजयपुर उपचुनाव के स्टार प्रचारकों में जगह नहीं मिल पाई है। पचौरी लोकसभा चुनाव में बीजेपी के स्टार प्रचारक बनाए गए थे। उन्होंने कई सीटों पर जाकर प्रचार भी किया था।

भोपाल पहुंचे महावाणिज्य दूत

# पर्यटन-संस्कृति को बढ़ावा देंगे एमपी और फ्रांस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश और फ्रांस पर्यटन और संस्कृति को मिलकर बढ़ावा देंगे। शुक्रवार को फ्रांस के महावाणिज्य दूत जो. मार्क सेरे शार्ले भोपाल पहुंचे और टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी से मुलाकात की। फिल्म प्रमोशन, सांस्कृतिक आयोजन और टूरिस्ट गाइड को लेकर बातचीत की गई।**

मुंबई में फ्रांस के महावाणिज्य दूत शार्ले ने कहा कि, फ्रांस एम्बैसी मप्र पर्यटन विभाग के साथ मिलकर संस्कृति एवं पर्यटन के क्षेत्र में कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे। उनके साथ ग्रिगोर त्रिमोरे, एमिली जैकर्मा, संस्कृति विभाग के निदेशक एनपी नामदेव सहित टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी मौजूद थे। चर्चा के दौरान प्रदेश के गाइड को फ्रेंच भाषा में पारंगत बनाना, प्रदेश के सांस्कृतिक आयोजनों में फ्रांस के कलाकारों को प्रस्तुति का मौका देना, फ्रांस में मप्र के पर्यटन गंतव्यों को प्रमुखता से प्रचारित देने जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। अपर प्रबंध संचालक मुखर्जी ने बताया, मध्यप्रदेश के गाइडों को फ्रांस की एम्बेसी की सहायता से फ्रेंच भाषा में प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि वे फ्रांसीसी पर्यटकों को सहजता से गाइड कर सकें और उनकी पर्यटन यात्रा को सुगम बना सकें। टूरिज्म बोर्ड द्वारा फिलहाल 19 गाइड को फ्रेंच भाषा का प्रशिक्षण दिया गया है। अब इसके एक कदम आगे बढ़ते हुए पर्यटन विभाग के होटल्स एवं रिसोर्ट्स में कार्यरत फ्रंट ऑफिस एक्जिक्यूटिव, रिसेप्शनिस्ट सहित अन्य हितग्राहियों को फ्रेंच भाषा में पारंगत बनाने के लिए एम्बेसी के साथ कार्य किया जाएगा। मुखर्जी ने फ्रांस के फिल्म निर्माता-निर्देशकों को मप्र में फिल्म शूटिंग के लिए आमंत्रित किया। फ्रांस के कलाकारों को मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले प्रमुख आयोजनों में आमंत्रित किया जाएगा। वहीं मध्यप्रदेश के कलाकार भी फ्रांस में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। आगामी तानसेन समारोह के 100वें संस्करण में फ्रांस के कलाकार विशेष प्रस्तुतियां देंगे, जो समारोह में एक नया और अनूठा आकर्षण जोड़ेंगी। उन्होंने कहा, फ्रांस के प्रमुख टूर ऑपरेटर्स और ट्रेवल एजेंट्स को मध्यप्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आमंत्रित किया जाएगा। इसके माध्यम से फ्रांस से आने वाले पर्यटकों को मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों की विविधता और आकर्षण से रूबरू कराया जाएगा।

## संपादकीय

# फ्लाइट्स को लगातार मिल रहीं बम से उड़ाने की धमकियां

पिछले कुछ समय से जिस तरह विमानों को बम से उड़ाने की धमकी के मामले सामने आ रहे हैं, वह अब तक भले ही फर्जी साबित होते रहे हों, मगर अब उससे बहुस्तरीय समस्याएं पैदा होने की आशंका खड़ी हो गई है। हैरानी की बात यह है कि हाल के दिनों में बार-बार ऐसे मामले सामने आने और उससे हवाई सेवा पर असर पड़ने के बावजूद इन्हें रोकने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं दिख रही। हर नई धमकी के बाद हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच जाती है, सभी स्तरों पर जांच की जाती है, सावधानी बरती जाती है, ऐसा करने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बातें कही जाती हैं, मगर उन्हें रोकने में कोई खास कामयाबी नहीं मिल पाती। गुरुवार को एक बार फिर सत्तर से ज्यादा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई और उसके बाद भारी तादाद में उड़ानों पर असर पड़ा। इसमें एअर इंडिया, इंडिगो, विस्तारा और अकासा के विमान शामिल हैं। कई विमानन कंपनियों ने यात्रियों को सुरक्षित उतार दिया। उसके बाद विमान की जांच और इस क्रम में उड़ान में देरी से लेकर यात्रियों को होने वाली अन्य परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि यह स्वाभाविक है कि इस तरह की धमकियों के बार-बार गलत साबित होने के बावजूद अगली धमकी के बाद फिर से समूचे तंत्र को सक्रिय होना पड़ता है और उसमें किसी भी स्तर की लापरवाही नहीं बरती जा सकती। मगर यह समझना मुश्किल है कि फर्जी धमकी देने वाले पिछले कई दिन से ऐसा करने में कैसे कामयाब हो रहे हैं। अव्वल तो डिजिटल दुनिया के इस दौर में जब पुलिस महकमा या जांच इकाइयां पता लगाना चाहें, तो किसी भी धमकी भेजने वाले के ई-मेल और उसके संचालन के बारे में सब कुछ पता लगाया जा सकता है। आज बहुत सारे आपराधिक मामलों में देखा जा सकता है कि आधुनिक तकनीकी और डिजिटल माध्यमों का सहारा लेकर जटिल से जटिल मामलों का पर्दाफाश किया जा रहा है और पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। मगर विमान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले पिछले कुछ समय से लगातार यात्रियों को डराने और विमानन कंपनियों को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाने की अपनी मंशा में कामयाब हो रहे हैं। हालत यह है कि बीते कुछ दिनों के दौरान बार-बार धमकी से उपजी समस्या पर सरकार की ओर से प्रतिक्रिया यह आई कि इसके पीछे जो लोग हैं, उन्हें 'नो-फ्लाई सूची' में डाला जाएगा। सवाल है कि जिन धमकियों का इतना व्यापक असर होता है, उनके लिए क्या इतनी सजा काफी है? यह छिपा नहीं है कि किसी विमान को बम से उड़ाने की फर्जी धमकी आती है, तो उसके बाद उड़ानों के बाधित होने से कितना बड़ा आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इस नुकसान का खमियाजा भी प्रकारांतर से आखिरकार यात्रियों को ही उठाना पड़ता है। इसके अलावा, विमान से सफर करने वाले यात्रियों के मानस पर इसका गहरा असर पड़ता है।

# ब्राह्मण और सांप

एक बार की बात है किसी नगर में हरिदत्त नाम का ब्राह्मण रहता था। उसके पास खेत थे, लेकिन उनमें ज्यादा पैदावार नहीं होती थी। एक दिन हरिदत्त अपने खेत में एक पेड़ के नीचे सोया हुआ था। जैसे ही हरिदत्त की आंख खुली उसने देखा कि एक सांप अपना फन फैलाए बैठा हुआ है। ब्राह्मण को अहसास हुआ कि यह कोई साधारण सांप नहीं है, बल्कि कोई देवता है। ब्राह्मण ने निर्णय लिया कि वह आज से इस देवता की पूजा करेगा। हरिदत्त उठा और कहीं से जाकर दूध ले आया। उसने मिट्टी के बर्तन में सांप को दूध पिलाया।

दूध पिलाते समय हरिदत्त ने सांप से क्षमा मांगते हुए कहा कि हे देव! मैं आज तक आपको साधारण सांप समझता रहा मुझे माफ कर दीजिए। अपनी कृपा दृष्टि से मुझे बहुत सारा



धन-धान्य प्रदान करें प्रभु। ऐसा कहकर हरिदत्त अपने घर वापस आ गया।

अगले दिन जब वह अपने खेत पहुंचा, तो उसने देखा कि जिस बर्तन में उसने कल सांप को दूध पिलाया था, उसमें एक सोने का सिक्का पड़ा हुआ है। हरिदत्त ने वो सिक्का उठा लिया। अब हरिदत्त रोज सांप की पूजा करने लगा और सांप रोज उसे एक सोने का सिक्का देने लगा।

कुछ दिन बाद हरिदत्त को दूर किसी देश जाना पड़ा, तो उसने अपने बेटे से कहा कि तुम खेत में जाकर सांप देवता को दूध पिला आना। अपने पिता की आज्ञा से हरिदत्त का बेटा खेत में गया और सांप के बर्तन में दूध रख आया। अगली सुबह जब वह सांप को दूध पिलाने गया, तो उसने देखा कि वहां सोने का सिक्का रखा हुआ है।

हरिदत्त के बेटे ने वो सोने का सिक्का उठा लिया और मन ही मन सोचने लगा कि जरूर इस सांप के बिल में सोने का भंडार है। उसने सांप के बिल को खोदने का फैसला किया, लेकिन उसे सांप का बहुत डर था। हरिदत्त के बेटे ने योजना बनाई कि जैसे ही सांप दूध पीने आएगा, तो वह उसके सिर पर लाठी से वार करेगा, जिससे सांप मर जाएगा। सांप के मरने के बाद मैं तसल्ली से बिल खोदूंगा और उसमें से सोना निकाल कर अमीर आदमी बन जाऊंगा।

लड़के ने अगले दिन ऐसा ही किया, लेकिन जैसे ही उसने सांप के सिर पर लाठी मारी, तो वो मरा नहीं बल्कि गुस्से से भर उठा। सांप ने क्रोध में लड़के के पैर में अपने विष भरे दांतों से काटा और लड़के की उसी समय मौत हो गई। हरिदत्त जब वापस लौटा, तो उसे यह जानकर बहुत दु:ख हुआ।

### कहानी से सीख

बच्चों, लालच का फल हमेशा बुरा होता है, इसीलिए कहते है कि कभी लालच नहीं करना चाहिए। हमारे पास जो भी हमें उसी से संतोष करना चाहिए और हमेशा परिश्रम करते रहना चाहिए।

# सुनहरा गोबर



एक बार की बात है, किसी शहर में एक बड़े से पेड़ पर एक पक्षी रहता था, जिसका नाम था सिन्धुक। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि उस पक्षी का मल सोने में बदल जाता था। यह बात किसी को भी पता नहीं थी। एक बार उस पेड़ के नीचे से एक शिकारी गुजर रहा था। शिकारी उस पेड़ के नीचे आराम करने के लिए ठहरा। वो आराम कर ही रहा था कि इतने में सिन्धुक पक्षी ने उसके सामने मल त्याग कर दिया। जैसे ही पक्षी का मल जमीन पर पड़ा, वो सोने में बदल गया। यह देखते ही शिकारी बहुत खुश हुआ और उसने उस पक्षी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया।


सिन्धुक जाल में फंस गया और शिकारी उसे अपने घर ले आया। पिंजरें में बंद सिन्धुक को देख शिकारी को चिंता सताने लगी कि अगर राजा को इस बारे में पता चला, तो वो न सिर्फ सिन्धुक को दरबार में पेश करने को कहेंगे बल्कि मुझे भी सजा देंगे। यह सोचकर, डर के मारे शिकारी ने खुद ही सिन्धुक को राज दरबार में पेश कर राजा को सारी बात बताई। राजा ने आदेश दिया कि सिन्धुक को सावधानी से रखा जाए और उसे अच्छे से खाना खिलाया जाए। ये सब सुनने के बाद मंत्री ने राजा को कहा, "आप इस बेवकूफ शिकारी की बात पर भरोसा मत कीजिये। कभी ऐसा होता है क्या कि कोई पक्षी सोने का मल त्याग करे। इसलिए, अच्छा होगा कि इसे आजाद करने का आदेश दें।" मंत्री की बात सुनकर राजा ने चिड़िया को आजाद करने का आदेश दिया। सिन्धुक उड़ते-उड़ते राजा के दरवाजे पर सोने का मल त्याग करके गया। यह देखते ही राजा ने मंत्रियों को उसे पकड़ने का आदेश दिया, लेकिन तब तक वो पक्षी उड़ चुका था। उड़ते-उड़ते सिन्धुक कह गया, "मैं बेवकूफ था, जो शिकारी के सामने मल त्याग किया, शिकारी बेवकूफ था, जो मुझे राजा के पास ले गया, राजा बेवकूफ था, जो मंत्री की बात में आ गया। सभी बेवकूफ एक जगह ही हैं।"

### कहानी से सीख

कभी भी दूसरे की बातों में नहीं आना चाहिए और अपने दिमाग से काम लेना चाहिए।

## रंग भरो





## Bihar

# बिहार में दाना चक्रवात का असर, आज इन 21 जिलों में बारिश का असर; तापमान में भी आई गिरावट

**पटना, (एजेंसी)** बिहार के कई जिलों में दाना चक्रवात का असर है। दक्षिण-पूर्वी इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। भागलपुर, कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया, अररिया और मुंगेर समेत कुछ जिलों झमाझम बारिश हुई। शुक्रवार देर शाम पटना में भी हल्की बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक भागलपुर में 11 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं कटिहार में सात एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। इस कारण के अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी आई।

इधर, शनिवार सुबह पटना समेत राज्य के कई जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं। करीब 15 किमी की रफ्तार से चल रही हवा ने तापमान में गिरावट ला दी।



लोगों को गुलाबी ठंड महसूस होने लगी। मौसम विभाग की मानें तो दाना चक्रवात का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है। यह चक्रवात बिहार में कमजोर पड़ गया है। हालांकि, 31 अक्टूबर तक इसका असर कम होगा। 28 से 28 अक्टूबर तक दक्षिण-पूर्वी इलाकों में हल्की बूंदाबांदी होती रहेगी।

मौसम विभाग ने शनिवार को बिहार के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें पटना, जहानाबाद, अरवल, नालंदा, नवादा, गया, शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, बांका, मुंगेर, बेगूसराय, भागलपुर, खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल, अररिया, किशनगंज शामिल हैं। इन जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

## Uttarpradesh

# शॉर्ट सर्किट से कमरे में लगी आग, बिहार के चार युवकों की जलकर मौत



**गुरुग्राम, (एजेंसी)** गुरुग्राम के एक मकान में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई है. यह आग सरस्वती एनक्लेव स्थित एक मकान में लगी. दरअसल देर रात सरस्वती एनक्लेव के जे ब्लॉक स्थित मकान के कमरे में शॉर्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई. घटना के वक्त मृतकों के परिजन किसी अन्य कमरे में सो रहे थे. हादसे में कमरे में सो रहे चार युवकों की मौत हो गई जिनकी उम्र 17 साल, 22 साल, 24 साल और 28 साल थी. जानकारी के अनुसार, चारों मृतक बिहार के रहने वाले थे और गुरुग्राम के सरस्वती एनक्लेव में रहते थे. वे जे ब्लॉक हवा महल के नजदीक एक कमरे में किराए पर रहते थे.

## Punjab

# लॉरेंस इंटरव्यू मामले में पंजाब सरकार का डेढ़ साल बाद एक्शन, 2 DSP समेत 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**मोहाली, (एजेंसी)** लॉरेंस बिश्नोई इंटरव्यू मामले में पंजाब की भगवंत मान सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डीएसपी गुरशेर सिंह संधू समेत छह अन्य पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है. इन सभी को 3 अप्रैल 2022 को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का साक्षात्कार आयोजित करने का दोषी पाया गया. लॉरेंस तब सीआईए पुलिस स्टेशन, खरड़ में बंद था. ड्यूटी में कोताही और लापरवाही बरतने के आरोप में इन सभी को सस्पेंड किया गया है. करीब डेढ़ साल हुआ लॉरेंस का यह इंटरव्यू एक टीवी चैनल पर चला था जो खूब वायरल हुआ. इसके बाद पंजाब सरकार और पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी. मोहाली के डीएसपी स्पेशल ऑपरेशन सेल गुरशेर सिंह संधू के अलावा जिन और पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है उनमें शामिल हैं-

1.समर वनीत, पीपीएस, डीएसपी
2.सब इंस्पेक्टर रीना, सीआईए, खरड़
3.सब इंस्पेक्टर (एलआर) जगतपाल जांगू, एजीटीएफ
4.सब इंस्पेक्टर (एलआर) शगनजीत सिंह
5.एएसआई मुख्तियार सिंह
6. एचसी (एलआर) ओम प्रकाश

पंजाब के गृह विभाग ने पंजाब मानवाधिकार आयोग के विशेष डीजीपी परबोध कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा अपनी रिपोर्ट में सात पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया गया था.

## Chhattisgarh

# बलरामपुर में हिरासत में युवक की मौत पर बवाल, भीड़ का थाने पर हमला; महिला ASP घायल



**बलरामपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में गुरुवार को थाने में पुलिस हिरासत में युवक की मौत के बाद भारी बवाल हो गया। उग्र भीड़ ने थाने पर हमला कर जमकर पथराव और तोड़फोड़ की। इस हमले में महिला एएसपी घायल हो गईं। पुलिस ने आंसू गैस छोड़ भीड़ को बलपूर्वक खदेड़ा।

कोतवाली थाना में स्वास्थ्यकर्मी गुरुचंद मंडल की मौत के मामले में फिर से बड़ा बवाल हो गया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुक्रवार को मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने जोरदार विरोध जताया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस हिंसा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) निमिशा पांडे को चोट लगी है। वहीं पुलिस के अधिकारी मौके पर उग्र भीड़ को समझाने में जुटे हुए थे। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात हैं।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमले का एक वीडियो ट्वीट कर लिखा, ''ठीक उस समय जब देश की महामहिम राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ में हैं, उस समय बलरामपुर से आ रहे ये चिंताजनक दृश्य छत्तीसगढ़ में "कानून व्यवस्था" के अंतिम संस्कार का आधिकारिक ऐलान कर रहे हैं।

## खेल

# सेमीफाइनल में हारकर टीम इंडिया बाहर अफगानिस्तान की टीम ने 20 रन से दी शिकस्त




**मस्कट, (एजेंसी)** सेदिकुल्लाह अटल के 52 गेंद में 83 और जुबेद अकबरी के 41 गेंद में 64 रन की बदौलत अफगानिस्तान ए ने इमर्जिंग एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत ए को 20 रन से हरा दिया। फाइनल में उसका सामना श्रीलंका ए से होगा, जिसने पाकिस्तान ए को सात विकेट से हराया। अटल-अकबरी की ओपनिंग जोड़ी ने 85 गेंद में 137 रन जोड़े। करीम जनत ने 20 गेंद में 41 रन बनाए। अफगानिस्तान ए ने चार विकेट पर 206 रन बनाए। रसिख सलाम ने 25 रन पर 3 विकेट लिए। जवाब में भारत ए सात विकेट पर 186 रन बना पाया। रमनदीप सिंह ने 34 गेंद में 64, आयुष बडोनी ने 24 गेंद में 31 रन बनाए।

अफगानिस्तान की पारी- टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत बेहतरीन रही थी। जुबैद और सेदीकुल्लाह ने 137 रन की ओपनिंग साझेदारी की। जुबैद ने 41 गेंद पर 64 रन की पारी में पांच चौके और चार छक्के लगाए। वहीं, सेदीकुल्लाह ने 52 गेंद में सात चौके और चार छक्के की मदद से 83 रन की पारी खेली। इसके बाद करीम जनत ने भी 20 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 41 रन की तूफानी पारी खेली। कप्तान दार्विश रसूली खाता नहीं खोल सके। मोहम्मद इशाक 12 और शराफुद्दीन अशरफ एक रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में चार विकेट पर पहाड़नुमा स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से रसिख सलाम ने तीन विकेट लिए। वहीं, आकिब खान को एक विकेट मिला।

भारत की पारी- जवाब में भारतीय टीम की शुरुआत एकबार फिर खराब रही। अभिषेक शर्मा सात रन बनाकर आउट हुए। उनके और प्रभसिमरन सिंह के बीच 25 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई। इसके बाद 48 रन तक आते आते टीम इंडिया ने तीन विकेट गंवा दिए थे। प्रभसिमरन 13 गेंद में 19 रन और कप्तान तिलक वर्मा 14 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आयुष बदोनी ने नेहल वढेरा के साथ चौथे विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी निभाई। नेहल 14 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। रमनदीप सिंह ने 34 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 64 रन बनाए। निशांत सिंधू 13 गेंद में 23 रन बना सके। अंशुल कंबोज दो रन बनाकर नाबाद रहे। गजनफर और अब्दुल रहमान ने दो-दो विकेट लिए।

## सिनेमा

# सिर से टपकता खून-लाल आंखें, टीवी पर लौट रहा CID, एसीपी प्रद्युमन की सामने आई पहली झलक



फैन्स का पसंदीदा आयकॉनिक क्राइम ड्रामा सीरीज CID छोटे पर्दे पर लौट रहा है. हर कोई ये खबर सुनकर एक्साइटेड हो रहा है. दरअसल, हुआ यूं कि CID का सोनी टीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो रिलीज हुआ है, जिसे देखने के बाद हर कोई यही कह रहा है कि ये सीआईडी का प्रोमो है.

प्रोमो में शिवाजी सतम उर्फ एसीपी प्रद्युमन की झलक दिखाई दे रही है. वो हाथ में छाता लिए बारिश में गाड़ी से बाहर आते दिख रहे हैं. अपने सामने कुछ ऐसा देख लेते हैं, जिसे देखने के बाद उनके चेहरे की हवाइयां उड़ जाती हैं. व्यूअर्स के बीच ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है. बता दें कि ये टीवी पर प्रसारित होने वाला सबसे लंबा क्राइम ड्रामा शो रह चुका है.

सोनी टीवी वालों ने जो प्रोमो शेयर किया है, उसके कैप्शन में लिखा है- कैलेंडर्स अपने मार्क कर लीजिए, क्योंकि 26 अक्टूबर को होगा एक धमाकेदार प्रोमो ड्रॉप. बता दें कि सीआईडी साल 2018 तक टीवी पर चला है. शिवाजी सतम उर्फ एसीपी प्रद्युमन, आदित्य श्रीवास्तव उर्फ इंस्पेक्टर फ्रेडरिक्स और नरेंद्र गुप्ता उर्फ डॉक्टर सालुंखे इसमें लीड रोल में नजर आए हैं. साल 1998 से ये टीवी पर आ रहा था.

## Highlights

1. MS Dhoni appointed as brand ambassador for J'khand Assembly polls
2. 'Lady Don' who lured man to Delhi's Burger King before his murder arrested in UP
3. 49 medicines, including paracetamol, fail quality tests; list released
4. Delhi's AQI shows minor improvement as it drops to 237
5. Cyclone Dana weakens, could become insignificant in 12 hrs: IMD

# Bajaj Freedom 125 CNG sales rise 68% in October, hits highest monthly sales of 8,310 units: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Bajaj Auto Ltd saw a 68% growth in the sales of its compressed natural gas (CNG) motorcycle, the Freedom 125, during the month of October 2024 till date as compared to September, according to a Business Standard report which cited VAHAN data.

The 8,310 units registered is the highest amount of sales the Freedom (which is India's first CNG-powered production motorcycle) has seen after its launch in July this year, according to the report.

Bajaj is also planning to ramp up wholesale dispatches to 30,000 units in the third quarter of this financial year and by up to 40,000 units in the fourth quarter, the report read.

This is especially true for the base model which is priced at ₹95,055 (average ex-showroom) as compared to the top-spec model which costs ₹ 1,10,055, according to Bikewale figures.



The report added that the model accounted for 1.3% of all the two-wheelers registered in Delhi in September while nationally, it has a share of 0.6%. Its top markets at the moment include Delhi, Maharashtra, Madhya Pradesh and Haryana.

The Freedom 125's market share would mirror that of electric two-wheelers, the report quoted Rakesh Sharma, vice-president at Bajaj Auto as saying. The Freedom however, has a prime advantage in contrast to electric vehicles. It's small two litre petrol tank offers relief from range anxiety in case a CNG filling station isn't available nearby.

At the moment, there are more than 4,650 CNG stations across more than 365 cities across India, the report read.

The report also cited analysts at brokerage Anand Rathi as projecting sales of the bike to hit 2,40,000 in the financial year 2024-25, making up 6% of all domestic two-wheeler sales.

Though the Freedom doesn't have a direct competitor at the moment, TVS had announced earlier that they would enter the segment, but nothing has been seen so far.

# Uttar Pradesh govt links performance of DMs to investments they managed to attract in their districts

**NEW DEIHI, (Agency).** Chief Minister Yogi Adityanath-led Uttar Pradesh government has announced that the District Magistrate's efforts in attracting investments into their respective will now be linked in the officers' Annual Confidential Report (ACR).



Based on this, officers will be graded, allowing for an unbiased performance evaluation. Chief Secretary Manoj Kumar Singh on Friday provided details of this major decision and said that now DMs and Commissioners must report on their efforts to attract investment in their area.

"This evaluation will also consider efforts made regarding investor security, amenities, and convenience, thereby promoting ease of doing business. Additionally, timely allotment of land to entrepreneurs, land subsidies, land use changes, clearances, and the regular updating and monitoring of land banks will also be evaluated. This setup will ensure that officials fulfil their roles responsibly to attract and encourage investment in the districts," Manoj Kumar Singh said.

# इंस्पायर फिल्म्स ने जीईसी के सहयोग में नया शो साइन किया

**मुंबई। एक प्रमुख कंटेंट क्रिएशन और प्रोडक्शन कंपनी, इंस्पायर फिल्म्स लिमिटेड ने एक आगामी टीवी डेली सोप/ड्रामा के लिए लोकप्रिय हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल (जीईसी) के साथ एक नए सहयोग की घोषणा की है। इस शो का निर्माण वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के अंत में शुरू होगा। शो का प्रीमियम वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के प्रारंभ में होने की संभावना है। शो इंगेजिंग स्टोरी लाइन और हाई क्वालिटी प्रोडक्शन को दर्शाएगा, जो निश्चित रूप से दर्शकों को आकर्षित करेगा।**

टीवी डेली सोप विख्यात अभिनेता और अभिनेत्री की अगुवाई में उत्कृष्ट कलाकारों को पेश करेगा, जिससे टेलीविजन में एक शानदार इजाफा होने की संभावना है। यह सहयोग इंस्पायर फिल्म्स के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि कंपनी उद्योग में अपने कंटेंट और पहुंच को बढ़ा रही है।

इंस्पायर फिल्म्स का एक वीर की अरदास वीरा, कुछ रंग प्यार के ऐसे भी, सद्दा हक, और इश्क में मरजावा जैसे हिट शो के साथ शानदार टेक रिकॉर्ड है. यह अनुभव आगामी टीवी डेली सोप की उच्च गुणवत्ता की स्टोरी लाइनिंग और प्रोडक्शन सुनिश्चित करते हुए इस क्रिएशन का मार्गदर्शन करेगा।

इंस्पायर फिल्म्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री यश पटनायक ने कहा, एक प्रीमियर हिंदी जीईसी के साथ यह डील इंस्पायर के लिए महत्वपूर्ण पल को दर्शाती है क्योंकि हम निरंतर मनोरंजन उद्योग में हमारे फुटप्रिंट का विस्तार कर रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक